समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

# मैनपुरी मे 20 वर्षीय युवती की संदिग्ध हालात मे मौत, पुलिस जांच मे जुटी

हरिओम

Published on | 15 Sep 2025



संवाददाता | हरिओम – बेवर थाना क्षेत्र की नवीगंज चौकी अंतर्गत एक 20 वर्षीय युवती की फांसी से मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान संध्या (पुत्री स्व. कृष्णा गुप्ता) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, संध्या ने घर के सामने वाले कमरे में अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। जब परिजनों ने आवाज़ दी और दरवाजा नहीं खुला, तो शंका होने पर उन्होंने अंदर जाकर देखा, जहां संध्या का शव लटका हुआ मिला। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की। थाना प्रभारी बेवर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नियमानुसार पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आत्महत्या के कारणों की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है।

परिवार में इस घटना से गहरा शोक व्याप्त है। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

DISCLAIMER: THE VIEWS/CONTENTS EXPRESSED/PRESENTED HEREIN, WITHIN THIS ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE ARE THE SOLE AND EXCLUSIVE RESPONSIBILITY OF INDIVIDUAL CLIENTS/EXPERT/THEIR AUTHORISED REPRESENTATIVE/हरिओम, TO WHICH EFFECT, PUBLICATION HOUSE/ITS REPRESENTATIVE/AFFILIATES ARE NOT RESPONSIBLE/LIABLE WHATSOVER.